तापमान

अधिकतम 20.7 डिग्री
न्यूनतम 5.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार,6 मार्च 2024



11 21 दिन से बंद चंडीगढ़-दिल्ली नेशनल हाइवे खुला



12 भगवान शिव को लगाया 56 भोग, 9 क्विंटल फल चढ़ाए गए




## खबर संक्षेप

### गुजरात में होगी टेटे प्रतियोगिता

**अंबाला।** ऑल इंडिया सिविल सेवा टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 मार्च तक सचिवालय जिमखाना, सैक्टर-21 गांधीनगर, गुजरात में करवाया जा रहा हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अधिकारी व कर्मचारियों का चयन 7 मार्च को जिला रोहतक में किया जाएगा। जो कार्यरत कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वे सभी 7 मार्च को जिला रोहतक में होने वाले ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं।

### प्लाट में खड़े सफेदे के 70 पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी-बिलासपुर रोड पर सब्बरवाल अस्पताल के पास प्लाट में खड़े सफेदे के 70 पेड़ काट कर चोरी कर लिए। पुलिस ने प्लाट मालिक की शिकातय पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से रेल कर्मी की मौत

पानीपत। पानीपत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से पानीपत रेलवे स्टेशन पर नियुक्त इलेक्ट्रीशियन 26 वर्षीय मोहित निवासी गांव ब्राहमण माजरा, जिला पानीपत की मौत हो गई। मोहित, फॉल्ट ठीक करने जा रहा था।

# अन्तरराज्यीय कार चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा लग्जरी कार सहित छह वाहन किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। वाहन चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी व आरोपियों से बरामद कार। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस ने अन्तरराज्यीय कार चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए लग्जरी कारें चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों दीपक खन्ना निवासी उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली व भूपिन्द्र सिंह निवासी मोती नगर पश्चिमी दिल्ली व गुरमीत सिंह निवासी किशोर नगर ताजपुर रोड थाना डिविजन लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार करके उनसे चोरीशुदा 6 लग्जरी कारे बरामद की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 फरवरी 2024 को पुलिस में दी अपनी शिकायत में अमन खुराना ने बताया कि 8 फरवरी को वह अपनी कार से अपने निजी काम से जयपुर गया था। रात को कार सेक्टर-4 कुरुक्षेत्र में अपने दोस्त के घर के सामने खड़ी कर दी थी। अगली सुबह उसके दोस्त को उसकी कार घर के सामने नहीं मिली। जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच हैड कांस्टेबल राममेहर को दी गई। बाद में मामलों की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को दी गई। टीम ने लग्जरी कार चोरी करने के आरोपी गुरमीत सिंह को काबू कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके आगामी जांच के लिए 10 दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। आरोपी गुरमीत सिंह की पहचान पर गाड़ी चोरी करने के दोनों आरोपी दीपक खन्ना व भूपिन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि आरोपी दीपक खन्ना पुत्र चमन लाल वासी उतम नगर पश्चिमी दिल्ली के खिलाफ दिल्ली में गाड़ी चोरी के करीब 6-7 दर्जन मामले दर्ज हैं। आरोपी दीपक जिला पंचकूला अदालत से भगौड़ा आरोपी घोषित है। इसके साथ ही आरोपी गुरमीत सिंह पुत्र कैर सिंह वासी किशोर नगर ताजपुर रोड थाना डिविजन लुधियाना पंजाब के खिलाफ भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

- बरामद गाड़ियां पानीपत, यमुनानगर आदि जिले से चोरी की गई थी

### टूल किट व चाबियां व अन्य औजार भी बरामद

आरोपियों से चोरीशुदा लग्जरी कारों सहित 6 कारें बरामद की गई। आरोपियों से बरामद कारों में स्कॉर्पियो, इनोवा, फार्चूनर आदि गाड़ियां शामिल हैं। आरोपियों से बरामद की गई गाड़ियों में 1 गाड़ी जिला पानीपत, 1 जिला यमुनानगर, 1 गाड़ी जिला करनाल व 1 गाड़ी सेक्टर-4 कुरुक्षेत्र से चोरी की गई थी तथा 2 गाडियां आई-20 व टोयोटा ईनोवा आरोपियों द्वारा वारदात में प्रयोग की गई थी। वारदात में प्रयोग किए गए स्कैनर मशीन, टूल किट व चाबियां व अन्य औजार भी बरामद किए गए।

### कार स्कैनर की सहायता से करते थे चोरी

निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि आरोपी दीपक खन्ना वासी उतम नगर पश्चिमी दिल्ली लग्जरी गाडी का शीशा तोडकर कार स्कैनर की सहायता से गाडी को स्टार्ट करके चोरी करता था। आरोपी के पास टोयोटा कंपनी की गाडियों की मास्टर चाबी भी है। जिसकी सहायता से टोयोटा कंपनी की किसी भी गाडी को आसानी से खोलकर चोरी कर लेता था। चोरी करने के बाद आरोपी गाडी को ढाई-तीन लाख रुपये में आरोपी गुरमीत सिंह को बेच देता था। आरोपी गुरमीत गाडी को फाईनैंस की गाडी बताकर या दूसरे राज्यों असम व अरुणाचल प्रदेश आदी से गाडी का रजिस्ट्रेशन करवाकर महंगी कीमतों पर बेच देता था।

# उत्कृष्ट सेवाएं करने वाली पचास महिलाएं सम्मानित



पानीपत। समाज की उत्कृष्ट सेवाएं करनी वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए सीटीएम टीनू व समाज सेविका कुमारी रंजीत कौशिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

सीटीएम टीनू पोसवाल ने कहा है कि महिलाओं को सशक्त बनने के लिए अपनी ताकत को पहचानना होगा। इस दिशा में और कार्य करने की अभी आवश्यकता है। सरकार द्वारा आज हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान किया जा रहे हैं। इन अवसरों का लाभ उठाकर बहुत सी महिलाओं ने अपने जीवन के स्तर में काफी सुधार किया है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे बच्चों में अच्छे संस्कार डालें। वे आज अपने कार्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में फैला उजियारा संस्था की ओर से आयोजित सेमिनार में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। हमें और आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की 50 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उमंग के साथ भागीदारी की और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका को और मजबूत करने का प्रण लिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष कुमारी रंजीत कौशिक ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं मजबूती के साथ खड़ी नहीं होंगी हालातो का मुकाबला करना असंभव है। इस मौके पर विभिन्न विभागों की महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार प्रकट किये। सेमिनार में शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी,श्रम विभाग और दर्जनो विभागों की महिलाएं उपस्थित रही।

- महिलाओं ने समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका को और मजबूत करने का प्रण लिया

# नीली रावी नस्ल की भैंस ने दूध प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा



प्रगतिशील पशु पालक यादविंद्र सिंह बाजवा अपनी नीली रावी नस्ल की भैंस के साथ। फोटो : हरिभूमि

गांव मुर्तजापुर के प्रगतिशील पशु पालक यादविंद्र सिंह बाजवा की नीली रावी नस्ल की भैंस ने पंजाब के मोगा में हुई दूध प्रतियोगिता में इंडिया लेवल पर पहला स्थान हासिल किया है। पुरस्कार के रूप में पशुपालक बाजवा को ट्रैक्टर ईनाम में मिला है। यादविंद्र सिंह बाजवा ने बताया कि उनकी नीली रावी नस्ल की भैंस बागपरी ने 26 किलो दूध देकर रिकॉर्ड बनाया है। गांव में पहुंचने पर पशुपालक का ग्राम वासियों की ओर से जोरदार अभिनंदन किया गया। बाजवा ने बताया कि वे लंबे समय से नीली रावी नस्ल की भैंसों के नस्ल सुधार पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस नस्ल की भैंस पाकिस्तान क्षेत्र में ज्यादातर मिलती हैं। यह मुर्रा नस्ल को टक्कर देने वाली प्रजाति है। उनके फार्म पर इस नस्ल की दर्जनों भैंसें हैं। जो देश भर में विभिन्न मेलों में पुरस्कार जीत चुकी हैं। बागपरी पहली बार मेले में गई और उसने पहली बार में ही देश भर में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि उत्तम नस्ल के पशु पालकर भारी मुनाफा कमाया जा सकता है।

- पंजाब के मोगा में हुई दूध प्रतियोगिता में शामिल हुई थी भैंस

### दो फर्म मालिकों ने पोर्टल का किया दुरूपयोग

**यमुनानगर।** खनन विभाग के पोर्टल का दुरूपयोग करके फर्जी परमिट चढ़ाने के आरोप में पुलिस ने दो फर्म मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार खान एवं भू विज्ञान विभाग हरियाणा द्वारा फर्जी खनिज की खरीद को रोकने के लिए 25 दिसंबर 2023 को नए पोर्टल को लागू किया गया था। गत 27 फरवरी को अधिकारियों द्वारा पोर्टल की जांच करते समय सामने आया कि मैसर्ज केसीसी बिल्डकोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी व मैसर्ज एसआर कंस्टक्शन कंपनी द्वारा फर्जी परमिट रजिस्टर पाए गए हैं। यह परमिट कार्यालय द्वारा जारी नहीं किए गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों फर्म मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, बिलासपुर थाने में तैनात एएसआई लखविंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी फर्म मालिकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो रोडवेज कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन: सौदे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर में बस स्टैंड परिसर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज वर्क्स यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) डिपो यमुनानगर के सदस्यों की मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के यमुनानगर डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने की। बैठक का संचालन डिपो सचिव राजेश कांबोज ने किया। बैठक में रोड़वेज कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को पूरा नहीं करने पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।

डिपो प्रधान महिपाल सौदे व नंदलाल कांबोज ने कहा कि जब से पंचकूला डिपो के महाप्रबंधक को यमुनानगर डिपो अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। तब से कर्मचारियों के काम नहीं हो रहे हैं। रोड़वेज कर्मचारियों का वेतन भी समय पर नहीं दिया जा रहा है।

आलम यह है कि अधिकांश रोड़वेज कर्मचारियों का टीए भी बकाया पड़ा हुआ है। हालात इतने खराब हैं कि अधिकारियों द्वारा सरकार के आदेशों की भी परवाह नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि दीपावली पर सरकार ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए प्रदेश भर में फेस्टिवल एडवांस की घोषणा की थी। लेकिन यमुनानगर में किसी भी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी को फेस्टिवल एडवांस नहीं दिया गया और सारा बजट वापस करवा दिया। वहीं, दो महीने पहले कर्मचारियों के लिए जूते और वर्दी का बजट आया था। मगर अभी तक कर्मचारियों को जूते व वर्दी के पैसे नहीं दिए गए हैं। पहले गत जुलाई की इंक्रीमेंट सभी कर्मचारियों की लेट लगाई गई थी। जो की अक्क्तूबर व नवंबर में लगाई गई।

- हरियाणा रोडवेज वर्क्स यूनियन डिपो यमुनानगर के सदस्यों की हुई बैठक

### ये है मांगें

इस संबंध में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक से मिलकर विरोध जताया तो उन्होंने भविष्य में कोई भी कार्य देरी से नहीं होने का आश्वासन दिया था। मगर इसके बावजूद रोड़वेज कर्मचारियों का जनवरी माह का इंक्रीमेंट अभी तक नहीं लगाया गया है। वहीं, मेडिकल के बिल साल भर से पेंडिंग पड़े हैं। आलम तो यह है कि दूसरे डिपो से जो कर्मचारी बदल कर आए हैं उनका वेतन अभी तक नहीं दिया गया है। वहीं, अभी तक फरवरी माह का वेतन भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी समस्याओं को जल्द दूर नहीं किया गया तो वह प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर नितिन कांबोज, मनीष कांबोज,बृज भूषण, संजय कुमार, संजीव कुमार, पवन कुमार,मुकेश कुमार, विपिन कुमार व बलविंदर कुमार आदि कर्मचारी मौजूद थे।

### कोर्ट में गवाही देने पर दी हत्या की धमकी

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखू निवासी आजाद सिंह को उनके वाहन के पूर्व चालक पवन निवासी मुखीजा कालोनी, पानीपत ने हत्या की धमकी दी है। थाना इसराना पुलिस को दी शिकायत में आजाद की पत्नी माहिनी ने आरोप लगाया है कि पवन ने उनके वाहन के वर्तमान चालक गांव दीपक निवासी जौरासी जिला पानीपत के मोबाइल फोन पर कॉल कर धमकी दी है कि यदि आजाद ने कोर्ट में उनके खिलाफ धमकी दी तो कोर्ट परिसर में ही उसकी हत्या कर दी जाएगी।

स्मरणीय है कि आजाद पर जान लेवा हमने के आरोप में तीन अप्रैल 2022 को थाना इसराना में राजेश उर्फ राजू, सुरजीत उर्फ काला और इनके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज है और अब यह केस कोर्ट में विचारधीन है। इस केस में कोर्ट 15 मार्च को सुनवाई करने जा रहा है। वहीं इसराना थाना पुलिस ने पवन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महाशिवरात्रि को लेकर भोले के जयकारों से गूंजी धर्मनगरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

महाशिवरात्रि के लिए शिव भक्तों के हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने का सिलसिला जारी है। धर्मनगरी से रोजाना बड़ी संख्या में शिव भक्त गुजर रहे हैं। महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को मनाया जाएगा। भगवान आशुतोष के जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िये हरिद्वार से गंगा जल लेकर आते हैं। जींद, कैथल, ढांड, पिहोवा आदि क्षेत्रों को जाने वाले कांवड़िये गंगा जल लेकर नगर से गुजर रहे हैं। शहर और हाईवे पर बोल बम, बम-बम और हर-हर महादेव के जयघोष की गूंज सुनाई दी रही है।


मंगलवार को भी बड़ी संख्या में शिव भक्तों का रैला कांवड़ लेकर शहर से गुजरा। उधर, महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों, देवालयों और शिवालयों में तैयारियों की जा रही है। मंगलवार को धर्मनगरी से काफी कांवड़िए गुजरने व उनके द्वारा लगाए गए बम भोले के उद्घोषों से वातावरण शिवमय हो गया।

- महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को मनाया जाएगा



### आज निकलेगी भोले की बारात

धर्मनगरी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 6 मार्च को उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर भोले की बरात निकाली जाएगी। इससे पहले मंगलवार को दुखभंजन महादेव मंदिर में हल्दी व मेहंदी लगाने की रस्म की गई। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य मनोज परूथी ने बताया कि 6 मार्च को मेरे भोले की बरात सुबह दुख भंजन महादेव मंदिर परिसर से रवाना होगी। इसके बाद बरात मीरी-पीरी चौक, आंबेडकर चौक, सीकरी चौक, पुराना बाजार, सब्जी मंडी, रोटरी चौक, पुराना बस अड्डा, सेक्टर-17, रेलवे रोड, न्यू कालोनी और अमीन रोड से होती हुई राजेंद्र नगर स्थित नंगली वाली कुटिया पहुंचेगी।

## खबर संक्षेप



### भाजपा के झूठ के आवरण को जनता समझ चुकी

**तरावड़ी।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस हरियाणा चैप्टर के चेयरमैन गुरप्रीत सिंह साबी ने आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा से कर्ण लेक पर चर्चा की और चुनावों में करनाल से कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी हो इसका संकल्प भी दोहराया। उन्होंने बताया कि देश ही नहीं बल्कि विश्व के हर कोने में रहने सभी भारतीय भाजपा के बनाए झुठ के आवरण को समझ चुके हैं।



### हमें सच्चे मन से परमात्मा को याद करना चाहिए

**तरावड़ी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तरावड़ी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राघव इंडस्ट्रीज के एमडी राकेश गर्ग मुख्य अतिथि रहे, जबकि मांउट आबू से आये राजयोग शिक्षक भाई दिनेश, नीलोखेड़ी से बी के संगीता दीदी बहन मुख्य वक्ता रही। शुरुआत में बी.के सुदेश बहन ने मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता को गुलदस्ता भेंट करके उनका स्वागत किया। स्कूली बच्चों ने नृत्य द्वारा स्वागत किया।

### महर्षि दयानंद के जीवन दर्शन से कराया अवगत

**करनाल।** महर्षि दयानंद राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी दयानंद जी की 200वीं जयंती मनाई गई। जिसमें महाविधालय की प्राचार्या मेजर डॉक्टर अनीता जून ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें महर्षि दयानंद जी के जीवन से अवगत कराया और बताया कि महर्षि दयानंद जी ने सामाजिक कुरीतियों व पाखंडवाद को खत्म करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वामी जी ने स्त्री शिक्षा, सामाजिक बंधुत्व, देश की एकता और अखंडता को कायम रखने में लोगों को जोडऩे का काम किया है।

### राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी मतदान

**करनाल।** मेरा पहला वोट मेरे देश के लिए के अंतर्गत बुद्धा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल द्वारा एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्म पाल ने बताया की लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं और पहली बार के मतदाताओं में मतदान के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के साथ ही शिक्षा मंत्रालय ने एक बड़ी पहल की है।

### सभी देशवासी प्रधानंमत्री मोदी का परिवारः अशोक

**करनाल।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं लोक सम्पर्क व कष्ट निवारण समिति डा. अशोक कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद ने पटना में हुई रैली में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मोदी का कोई परिवार नही जैसी जो यह ओछी टिप्पणी की है, यह दुखद और पीड़ादायक है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी सभी देशवासीयों को अपना परिवार मानते हैं। नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में कभी भी छुट्टी नहीं ली। वह दीपावली भी सीमा पर जवानों के साथ मनाते हैं।

### सौरभ सचदेवा एंटी करप्शन के नैशनल डायरेक्टर बने

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए युवा समाजसेवी सौरभ सचदेवा को नैशनल डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने सौरभ सचदेवा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। सौरभ सचदेवा ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे।

---

राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में महिला प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार में महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से की चर्चा

महिलाओं को उनके हक व अधिकारों को बताने के साथ ही घरेलू हिंसा के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा





राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में महिला प्रकोष्ठ तथा ब्रेकथ्रू संस्था के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार का आयोजन । आओ मिलकर बात करें, बराबरी से शुरुआत करें। राजकीय महिला महाविधालय बसताड़ा घरौंडा मे प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के कुशल दिशा निर्देशन व कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी के नेतृत्व तथा महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ तथा ब्रेक्थ्रू संस्था के संयुक्त तत्वावधान मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे एक नुक्कड़ नाटक के साथ सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर घरौंडा के एसडीएम राजेश कुमार सोनी तथा मुख्य वक्ता के तौर पर महिला सुरक्षा एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी श्रीमती सविता ने शिरकत की।कार्यक्रम की शुरुआत मे डॉ. मीनू आनंद, प्रभारी महिला सेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा छात्राओं को कार्यक्रम के उद्देश्यों से परिचित कराया। ब्रेक्थ्रू संस्था की कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती निशा ने परिचय देते हुए संस्था के मिशन ओर विजन के बारे मे बताया। इसके अलावा आज के कार्यक्रम के बारे मे बताया कि महिला दिवस कि शुरुआत कब से ओर क्यों की गई। संस्था के द्वारा नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से घरेलू हिंसा पर चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने कहा कि समाज मे तभी बराबरी आ सकती है जब परिवार के सभी सदस्य बराबरी की बात करे ओर बराबर के समान मौके एक दूसरे को दे। महिला सुरक्षा अधिकारी सविता ने महिला अधिकारो के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की अगर आपके अधिकारो को किसी भी तरह से छीनने की कोशिश करता है तो उसका विरोध करते है, इसके लिए जागरूक होना बहुत जरूरी है।एसडीएम राजेश कुमार सोनी ने कहा कि समाज में शिक्षा ही अवसर से सभी रास्ते खोलती है। समाज मे अक्सर महिला के अधिकारों पर बहुत कम बात करते है । जबिक समाज मे दोनों को बराबर अधिकार मिलने चाहिए । महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता नरेश सिंह ने धन्यवाद प्रेषित किया तथा छात्राओं को संदेश दिया कि उन्हें समाज में सशक्त बनने के लिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना जरूरी है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवम् ब्रेकथ्रू संस्था की समस्त टीम उपस्थित रही।

---



## जनता को सरकार की नीतियों पर भरोसाः कबीरपंथी

**तरावड़ी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हल्के के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत होगी। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता को भाजपा सरकार की नीतियों में खरा विश्वास हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक बूथ स्तर तक जुड़ा कार्यकत्रा लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गया हैं। हल्के के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी भाजपा कार्यालय में मीटिंग लेने के बाद तरावड़ी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव कार्यालय में नीलोखेड़ी मंडल के कार्यकर्ताओ के साथ आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक ली और किस तरह से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हैं, इस बात पर भी चर्चा हुई। कार्यकत्राओं से चर्चा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हल्के के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। कबीरपंथी ने कहा कि संगठन ने हमें जिस तरह की भी जिम्मेदारी दी है उसे निभाने के प्रति हमें कर्तव्य निष्ठा से काम करना है, ताकि चुनाव से पहले हर तरह की तैयारी हो जाए। पूर्व विधायक कबीरपंथी ने कहा कि बूथ स्तर पर जुड़े कार्यकत्राओं को एकजुट किया गया है।

## पीएम मोदी को देश के 140 करोड़ लोगों की चिंताः सुभाष

- पीएम मोदी का संकल्प है 100 दिन पार्टी को देना है ओर जनसंपर्क अभियान तेज करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी के वाईस चेयरमैन व विशेष संपर्क प्रमुख सुभाष चंद्र ने कहा कि जिस पार्टी का जनसम्पर्क अभियान मजबूत होगा,उस पार्टी का प्रसार निरंतर बढ़ता रहता है ओर भाजपा का जनसम्पर्क अभियान बहुत तेज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 100 दिन पार्टी को देना है.ओर जनसंपर्क अभियान तेज करना। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियाँ को जन जन तक पहुँचाना है व प्रचार करना होगा,तभी चार सौ सीट पार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश के 140 करोड़ के लोगों की चिंता कर रहे है। उनका संकल्प है कि किस प्रकार देश विकसित होगा । उन्होंने कहा कि पहले जातपात, क्षेत्रवाद की राजनीति होती थी, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस परम्परा को खत्म किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के ऑफिस खोल दिए है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाब का बिगुल बज चूका है, इसलिए सभी ने संगठन की ओर से लगाई गई ड्यूटियों पर जुट जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संकल्प बच गए है, उनको पूरा करना जरुरी है। उन्होंने देश व प्रदेश में विपक्ष नाम की चीज नहीं है ओर न लक्ष्य है। इस अवसर पर सुशील गर्ग, सुरेंद्र जैन, जगदीश राणा, रघुबीर सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

## शादी में दुल्हन का डायमंड सेट चोरी

**करनाल।** करनाल के सेक्टर 13 में दुल्हन का डायमंड सेट चोरी हो गया।परिवार ने घर की नौकरानियों पर शक जताया है और मामले की शिकायत सेक्टर-13 चौकी पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल निवासी प्रवीन कुमार पुत्र कर्मबीर के घर में फरवरी माह में बेटी की शादी थी। प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कर्ण गेट पर उसकी पंजाब बर्तन स्टोर के नाम से दुकान है। 14 फरवरी को उसकी बेटी की शादी थी।15 फरवरी को सुबह विदाई के समय उसकी बेटी वह सेट पहना चाह रही थी, लेकिन जब लॉकर खोला तो उसके अंदर वह सेट नहीं मिला। पीड़ित ने घर की दो नौकरानियों पर शक जताया है।

---

## भोले बाबा की बारात देख झूम उठे श्रद्धालु देवी-देवताओं ने कराया विवाह संपन्न

- गांव सग्गा में चल रही शिव महापुराण कथा में कथा वाचक सुशील शास्त्री ने सुनाया प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गांव सग्गा में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में आचार्य श्री सुशील शास्त्री जी ने पांचवे दिन शिव-पार्वती के विवाह से जुड़ा प्रसंग सुनाया। शास्त्री जी ने कहा कि शिव जी जब माता पार्वती से विवाह रचाने के लिए पहुंचे तो अपने साथ भूत-प्रेत और चुड़ैलों की बाराती लेकर पहुंचे. इन्होंने ही शिवजी का श्रृंगार भी किया था. शादी के लिए शिवजी का भस्म से श्रृंगार किया गया और हड्डियों की माला पहनाई गई. जब ऐसी अनोखी बारात लेकर शिव बारातियों के साथ पार्वती के द्वार पर पहुंचे तो सभी डर गए और हैरान रह गए। पार्वती की माता मैनावती ने तो विवाह से इंकार कर दिया था तब पार्वती ने शिव जी से प्रार्थना करते हुए कहा कि वह विवाह के रीति-रिवाजों के अनरूप तैयार हो जाएं। शिवजी मान गए और इसके बाद देवताओं द्वारा शिवजी को दूल्हे के रूप में तैयार किया गया. जब शिवजी दूल्हा बनकर तैयार हो गए तो उनका दिव्य रूप देखकर सभी चकित रह गए. रानी मैनावती भी विवाह के लिए मान गई. इसके बाद बाराती-शराती, भूत-प्रेत, सभी देवता और सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी की मौजूदगी में शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

## 12 से 15 वर्ष के युवक-युवती अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गुरुद्वारा रोड़ी साहेब निसिंग में आयोजित गुरमत समागम में आज 12 से 15 वर्ष के सिख युवकों व युवतियों को गुरु गोबिंद सिंह का लाडला पुतर व धी होने का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया व साथ ही गुरु गोबिंद सिंह के लाड़ले परिवारों को भी सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें संत बाबा अमीर सिंह जवद्धी कलाँ, संत गुरविंदर सिंह मांडी साहेब, बाबा जोगिंदर सिंह गुरदासपुर, प्रधान सुखवंत सिंह निसिंग के हाथों से प्राप्त हुए। सचखंड वासी संत विरसा सिंह गोबिंद सदन वालों के निसिंग आगमन की याद में आयोजित गुरमत समागम के दौरान इंटरनेशनल सिख फ़ोरम व शिरोमणि गतका फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया की और से ये अवार्ड दिए गए। फ़ोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि जिस प्रकार किसी भी स्कूल, विद्यालय अथवा विश्विद्यालय की पढ़ाई तभी पूरी मानी जाती है जब उसका सर्टिफिकेट या डिग्री प्राप्त होती है, इसी प्रकार अमृत छकने के बाद मिले पाँच ककार सिखी की पढ़ाई करने के बाद मिले सर्टिफिकेट हैं। इस से पूर्व गुरुद्वारा रोड़ी साहेब के हाल में गुरमत व संत समागम का आयोजन किया गया। बाबा गुरमीत सिंह गुरुद्वारा राज करेगा खालसा डाचर, हरियाणा सिख मिशन कुरुक्षेत्र, प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा रोड़ी साहेब निसिंग के सहयोग व गुरुद्वारा गोबिंद सदन दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित गुरमत समागम में श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई समनदीप सिंह तान, प्रसिद्ध कथावाचक बाबा बंता सिंह मुंडा पिंड, कथा वाचक भाई सुखजीत सिंह घनहिया, ढाडी जत्था बीबी रूपिंद्र कौर धर्म प्रचार कमेटी अमृतसर, भाई भगत सिंह कविशर, हजूरी रागी भाई दिलप्रीत सिंह व हेड ग्रंथी भाई होशियार सिंह ने गुरु जस, कीर्तन, कथा व इतिहास के साथ संगत को जोड़ा। समागम में बाबा कश्मीरा सिंह अलहौरा साहेब, बाबा रजिंद्र सिंह इसराना साहेब, बाबा तरलोचन सिंह नानकसर सिंघड़ा, बाबा सुखा सिंह कार सेवा व सिख मिशन हरियाणा इंचार्ज मंगप्रीत सिंह भी शामिल हुए व गुरु सिद्धांत से संगत को जागरूक किया।

---

## ट्रैक्टर चालक को लाठी डंडों से पीटा, मुंह पर किया पेशाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा बॉर्डर के साथ लगते कुंडाकला घाट पर रेत माइनिंग के कारिंदे की माइनिंग सुपरवाइजर और बाउंसरों ने चौसाना के जंगलों में लाठी डंडो व लोहे की रॉड से निर्दयता से पिटाई की इतना ही नहीं आरोपियों ने पीड़ित के मुहं पर पेशाब कर दिया। मारपीट करने के बाद आरोपी पीड़ित को गाड़ी में डालकर वापिस माइनिंग स्थल पर ही फेंककर चले गए और धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगें। कुंडा कलां गांव निवासी असलुफ पुत्र दीवान हरियाणा सीमा में रेत माइनिंग कुंडा घाट पर ट्रैक्टर से सड़क लेवलिंग का काम करता है। करीब दो माह से वह काम कर रहा था। पीड़ित के चचेरे भाई आस मोहम्मद ने बताया है कि दो मार्च को मेरे सग्गे चाचा का लड़का असलुफ से रेत माईनिंग घाट पर ओपरेटर हैड दिलबाग से काम को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि दिलबाग ने असलुफ को कहा था कि वह सही काम नहीं कर रहा। जिसको लेकर उसने गाली गलौच भी किया था। इसके बाद दिलबाग मौके से चला गया था, लेकिन वह बाद में अपने साथ बाउंसरों व अन्य लोगों को लेकर आया। आस मोहम्मद ने बताया कि इसके बाद रंजिश के चलते आरोपियों ने दोपहर को दो या तीन बजे असलुफ को काम के बहाने से माइनिंग घाट पर बुलाया और उसे बलेरो गाड़ी में डालकर चौसाना के जंगलों में ले गए। वहां पर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। लोहे की रॉड से व लात-घुसो से तथा बिण्डो से निर्दयता से मारा। जाति सूचक शब्द से लेकर गाली गलौच भी की। इतना ही नहीं आरोपियों ने असलुफ के मुहं पर पेशाब किया, जो एक अमानवीय व्यवहार था। आरोपियों ने अवैध पिस्तौल दिखाकर असलुफ को डराया धमकाया और धमकी दी कि मुहं खोला तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार देंगे।

तेरह साल का लक्षित बनना चाहता है फाइटर पायलेट

## वेनर्जी क्लासेज के लक्षित का हुआ आरआईएम सी में चयन

- अब तक बैनेर्जी दे चुके हैं देश को 150 से अधिक आई एएस आईएफ एस, आई पी एस जजेज और राज्य प्रशासनिक अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल में वैनेर्जी क्लासिज की सफलता की श्रंखला में एक और अध्याय आज उस समय जुड़ गया जब यहां के 13 वर्षीय विद्यार्थी लक्षित ने राष्ट्रीय सैनिक कालेज आर आई एम सी की प्रवेश परीक्षा में नौ वां रैंक प्राप्त किया। उसका राष्ट्रीय सैनिक कालेज आर.आई. एम.सी में चयन हुआ। हरियाणा से एक मात्र विद्यार्थी लक्षित रहा। आर आई एम सी में प्रवेश के लिए भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा ली जाती हैं। इसमें देश भर से हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं। जिसका इस कालेज में प्रवेश मिला। लक्षित को साक्षात्कार के लिए प्रशिक्षण मिहिर बैनेर्जी ने दिया। मिहिर वैनेर्जी यूपीएससी, ज्यूडीशियरी, राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य पुलिस सेवा के सथ एनडीए तथा अन्य परीक्षों की तैयारी के साथ साक्षात्कार की त्यैारी करवाते हैं। लक्षित के पिता राजेश दुआ व्यवसायी हैं। उसकी मां मीनू दुआ कान्वेंट स्कूल में पीजीटी हैं। लक्षित ने बताया कि वह इस समय सैनिक स्कूल कंजपुरा का छात्र हैं। पंचवी तक उसने कान्वेंट स्कूल से पढ़ाई की। उसने बताया कि उसने इसमें सफलता के लिए आठ से नौ घंटे तक पढ़ाई की। उसने यू ट्यब के माध्यम से भी तैयारी की। लक्षित ने बताया कि यह उसका दूसरा प्रयास था। लक्षित की मां मीनू दुआ ने बताया कि वह शिक्षिका हैं। उन्होंने बच्चे की रुचि को देख कर उसे तैयार किया। उसकी काउसंलिग की। उन्होंने बताया कि वह चाहती थी कि उनका बेटा सैनिक अफसर बने। लक्षित ने बताया कि वह फाइटर पायलेट बनना चाहता हैं। इस अवसर पर मिहिर वैनर्जी ने बताया कि इस कालेज में पच्चीस सीटें होती हैं। इस बार केवल 22 बच्चों का ही देश भर से चयन हुआ। इस कालेज में प्रवेश के लिए परीक्षा यूपीएससी से कम नहीं होती हैं। उन्होंने बताया कि लक्षित की प्रतिभा को सबसे पहले उसकी मां ने पहचाना। उसके बाद उसकी प्रतिभा को वैनर्जी ने तराशा। अब तक असारएम सी से निकल कर बच्चे आगे चल कर चीफ आफ आर्मी, राज्यपाल दूतावास में अफसर, तथा मंत्री बनते हैं। वह अब तक देश को 130 आई ए एस आई पीएस जजेज तथा राज्य प्रशासिनक और पुलिस सेवा के अधिकारी दे चुके हैं। इस अवसर पर गगन वैनर्जी और देवेंद्र मोहन सिंह ने भी जानकारी दी। साक्षात्कार का श्रेय वैनर्जी को दियाः करनाल के लक्षित ने सफलता के लिए बनर्जी क्लासिज को श्रेय दिया। उसने बताया कि प्राथमिक तौर पर उसकी माता ने तैयारी करवाई। उसकी काउसंलिंग भी दी। उसने बताया कि करंट अफेयर के लिए उसने अखबारों का सहारा लिया। उसने अंग्रजी, गणित और तर्कशीलता के लिए पढ़ाई की। इसके लिए पजल्स का सहारा लिया।

## खबर संक्षेप

### घर से पांच लाख रुपये के गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत के थाना किला क्षेत्र वाली सैनी कॉलोनी निवासी कैशाल के घर से लाखों रुपये कीमत के जेवर चोरी हो गए। कैलाश अपने परिवार के साथ बागपत, उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे अपने रिश्तेदारों के यहां विवाह समारोह में भाग लेने गया था। घर खाली होने का फायदा उठाकर चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ा और भीतर घुसकर सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए।

### आप पार्टी ने जनसंपर्क किया

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने गांव निजामपुर का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।

### मारपीट के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने मतलौडा मंडी के नजदीक जूस की दुकान पर गांव कालखा निवासी मंजीत निवासी रघबीर को गंभीर चोट मारने के मामले में दो आरोपियों राहुल निवासी गांव भंडारी व साहिल निवासी गांव नैन जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है।

### शराब के दो तस्कर पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने भगत नगर निवासी राम उर्फ लाडी को और थाना शहर पुलिस टीम ने रहीमुद्दीन निवासी अतखुरिया दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल किरायेदार शास्त्री कॉलोनी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से बरामद शराब को जब्त कर लिया और इनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने पांच जुआरी पकड़े

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने सेक्टर 13/17 ग्राउंड में जुआ खेल रहे सुमित उर्फ चन्चू निवासी गीता कॉलोनी नूरवाला, प्रीयम व दिलीप निवासी वधावाराम कॉलोनी, कपिल निवासी परढ़ाना व संजय निवासी प्रकाश नगर तहसील कैंप को गिरफ्तार किया।

### दलित परिवार का अपमान किया, केस दर्ज

**इसराना।** इसराना थाना के गांव कैथ में दबंग किस्म के लोगों ने बलबीर के पुत्र सुमित के विवाह समारोह में उसकी बारात को रोकने की चेष्टा की और डीजे पर नाच रही महिलाओं की तरफ गंदे इशारे ओर जाति सूचक शब्द कह कर अपमानित किया।

### भाजपा का माइक्रो लेवल पर काम शुरू

**पानीपत।** भाजपा मिशन 2024 के तहत 400 लोकसभा सीटों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा के रणनीतिकारों ने माइक्रो लेवल पर काम करना प्रारंभ कर दिया है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 10 सीटों को जीतने के लिए भाजपा जुट गई है।

### अंग्रेजी क्विज में वर्षा प्रथम

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में अंग्रेजी विभाग की प्रो. मंजू चंद ने बीए. इंग्लिश ऑनर्स द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए क्विज का आयोजन हुआ। जिसमें वर्षा ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय, विशाल ने तृतीय और जसमीत ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।

### स्लोगन लेखन में मुस्कान प्रथम

**पानीपत।** आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिकी विभाग के तत्वावधान में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मुस्कान, ज्योति और द्वितीय पुरस्कार अचला और जीनू एवं तृतीय पुरस्कार कशिश और तनु और सांत्वना पुरस्कार अवंतिका और मनीषा ने प्राप्त किया।

## सांसद संजय भाटिया ने एसडी कॉलेज में एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया

# मानवता, समाज, देश की सेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाएं युवा

देश के करोड़ों युवा अपनी बुद्धि, मेहनत और लगन के बल पर देश की सारी समस्याओं का निदान कर सकते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में मंगलवार को विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संजय भाटिया ने किया। जबकि अति विशिष्ट उपस्थिति में राजेश गोयल प्रांत प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दिनेश कुमार राज्य एनएसएस ऑफिसर (एसएनओ) हरियाणा और अनूप गर्ग प्रधान एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया। जबकि मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र कुमार अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विशाल गोयल ने भगवान श्री राम की तस्वीर भेंट करके किया। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, कैंप सेक्रेटरी डॉ. राकेश गर्ग, कैंप समन्वयक डॉ. आनंद कुमार कुरुक्षेत्र विश्वविधालय, प्रो. नीरज डिप्टी समन्वयक कानून विभाग केयूके, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग और डॉ. संतोष कुमारी सात दिवसीय कैंप का मार्गदर्शन कर रहे है। 5 से 11 मार्च तक चलने वाले इस आवासीय कैंप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, जगाधरी, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत जिलों के 55 कालेजों के 210 स्वयंसेवक और प्रोग्राम ऑफिसर भाग ले रहे है। वही, अपने संबोधन में सांसद संजय भाटिया ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है, वहीं हर भारतीय युवाओं को देश, समाज व मानवता की निष्काम सेवा करनी चाहिए। राजेश गोयल प्रांत प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि हमारा देश का भविष्य हमारे युवाओं पर निर्भर है। देश के करोड़ों युवा अपनी बुद्धि, मेहनत और लगन के बल पर देश की सारी समस्याओं का निदान कर सकते है। आनंद कुमार कैंप समन्वयक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बताया कि वर्तमान समय में अधिकांश युवा शिक्षित है जो अपनी शिक्षा, बल तथा बुद्धि के बल पर देश की उन्नति करने में पूरी तरह समर्थ है। दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने कहा कि राष्ट्र प्रेम, राष्ट्र के प्रति अनन्य निष्ठा और राष्ट्रहित जैसे गुण सच्चे एनएसएस स्वयंसेवक की पहचान है। डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक सरोकारों को निभाने में सबसे आगे रहती है। सामाजिक सेवा को शिक्षा के साथ जोडना ही एनएसएस का मूलभूत सिद्धांत है।



पानीपत। एसडी कॉलेज में एनएसएस के कैंप का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए राजेश गोयल व सांसद संजय भाटिया आदि।

## भाजपा में लोकसभा चुनाव के लिए कोई चुनौती नहीं

- लोकसभा में पार्टी के प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



दुष्यंत भट्ट।

भाजपा के जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भाजपा के संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठनात्मक नियुक्तियां की है। उन्होंने विजय सहगल को शहरी उत्तरी मंडल अध्यक्ष, नरेंद्र बिन्झौल को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, जगबीर डिकाडला को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक, सोनू मिटान को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक, संजय सिंगला को आर्थिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, देवेन्द्र रेवड़ी को आर्थिक प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक, डॉ. जगजीत आहुजा को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक और डॉ. मंजू अबरोल को चिकित्सा प्रकोष्ठ का सह संयोजक बनाया गया है। वहीं दुष्यंत ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए और लोकसभा में पार्टी के प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्य करें। भाजपा में लोकसभा चुनाव के लिए कोई चुनौती नहीं है।

## स्वामी दयानंद को श्रद्धांजलि दी

- महर्षि दयानंद महान समाज सुधारक ही नहीं बल्कि राष्ट्र ऋषि भी थे खर्च के बारे में दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य समाज के प्रवर्तक वेद प्रचारक और महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गई। यह कार्यक्रम आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। विधालय के प्रधान रणदीप आर्य ने बताया कि महर्षि दयानंद महान समाज सुधारक ही नहीं बल्कि राष्ट्र ऋषि भी थे जिन्होंने समाज से अशिक्षा अज्ञानता और अंधविस्वास को मिटाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने प्रातः यज्ञ करके ऋषि दयानंद की जयंती मनाई।



## लोकसभा चुनाव के लिए अधिकारी मानसिक रूप से तैयार रहें: डॉ. वीरेंद्र

- अधिकारियों को पेड न्यूज व आदर्श आचार संहिता और चुनावी खर्च के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**पानीपत।** लोकसभा के आम चुनाव में प्रत्याशियों के चुनावी खर्च, पेड न्यूज व आदर्श आचार संहिता को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि चुनाव बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है। हमें मानसिक रूप से एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करके इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाना है। डीसी डॉ. दहिया ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को कहा कि हमें चुनाव प्रक्रिया के दौरान बहुत ही सतर्क रहकर लोकतंत्र के प्रहरी की भूमिका निभानी है। वही, नाकों पर विशेष चौकसी बरतते हुए ध्यान रखना है कि कोई भी व्यक्ति वाहनों के माध्यम से धनराशि, शराब आदि की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक अनधिकृत रूप से ना पहुंचा रहा हो। पुलिसकर्मियों को नाकों पर विशेष चौकसी बरतते हुए वाहनों की चैकिंग के दौरान दो लाख रुपए से अधिक की राशि वाहन में मिलने पर उसे तुरन्त जब्त कर खजाना कार्यालय में जमा करवाना है। वही, प्रशिक्षण के दौरान निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के चुनावी खर्च, पेड न्यूज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## प्रो.दलजीत को मिला बेस्ट पुरूष काउंसलर का खिताब

- कैंप में पानीपत जिले के 17 महाविद्यालयों के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में पांच दिवसीय जिला स्तरीय रेडक्रॉस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पानीपत जिले के 17 महाविद्यालयों के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत से रेडक्रॉस क्लब के अंतर्गत 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रेडक्रॉस क्लब प्रभारी ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इस कैंप में रक्तदान, मानसिक शांति, ह्रदय रोग, डाइट प्लान आदि के साथ पर्यावरण संरक्षण विषय को ध्यान में रखते हुए कैंप के दौरान हर घर हर्बल- 100 घर नैनो हर्बल गार्डन मुहीम के लगभग 300 से अधिक औषधीय पौधे वितरित किए गए। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहीम 100 घर नैनो-हर्बल गार्डन-2024 का आरम्भ करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने किया था। कैंप में पर्यावरण संरक्षण विषय पर लेक्चर से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए, कैंप की पूरी व्यवस्था बनाने के लिए, विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए कैंप के आखिर में ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार को बेस्ट पुरुष काउंसलर चुना गया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि महाविद्यालय का इको क्लब व रेडक्रॉस क्लब दोनों मिलकर मानवता के हित में सैदव कार्य करते रहेंगे। मंगलवार को बेस्ट पुरुष काउंसलर का सम्मान मिलने की खुशी में प्रोफेसर दलजीत कुमार ने रेडक्रॉस क्लब व इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ हर्बल बॉटनिकल गार्डन में सुखशांति व कपूर तुलसी के पौधे रोपित किए और विद्यार्थियों को बांटे।



पानीपत। ग्रीन मैन प्रो . दलजीत विद्यार्थियों को पौधे बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खेलों में अपना करियर बनाएं छात्राएं : कादियान

- देवीलाल कॉलेज में एनुअल एथलेकिट मीट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय सिवाह पानीपत में एनुअल एथलेटिक मीट का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कॉलेज प्रधान देवेंद्र कादियान उपस्थित रहे। वही गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में गांव निंबरी के सरपंच के संदीप मलिक और उनके साथ हिमांशु उर्फ हनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मार्च पास्ट के साथ की गई। वही छात्राओं ने सभी खेलों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। एनुअल एथलेटिक मीट की ओपनिंग मुख्य अतिथि ने की और उन्होंने अपने संभाषण में घोषणा की की जो भी खिलाड़ी डिस्ट्रिक्ट लेवल पर पोजीशन लेकर आएगा उसे फ्री एजुकेशन दी जाएगी। इधर, संदीप मलिक ने विजेता छात्राओं को मेडल पहनाए और 21000 की दान राशि कॉलेज को दी। इस अवसर पर कॉलेज सेक्रेटरी लाभ सिंह कादियान ने खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन किया। जबकि क्लोजिंग सेरेमनी प्रिंसिपल डॉ. सुमन लता द्वारा की गई। यह सभी इवेंट्स डॉ. सरोज व कोच तनु के प्रयासों से हुए। मंच संचालन प्रोफेसर प्रियंका द्वारा किया गया। इस अवसर समिति महासचिव जयप्रकाश कादियान, कॉलेज के पूर्व प्राचार्य कश्मीर सिंह ढिल्लों, समिति सदस्य अमर सिंह, सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा।



पानीपत। चौधरी देवीलाल कॉलेज में खेलों में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### बाल विवाह करवा रहे परिजनों के खिलाफ खडी हुई किशोरी

**पानीपत।** पानीपत के पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय किशोरी, बाल विवाह निषेध अधिकारी के कार्यालय में पहुंची और अपने पिता व माता पर आरोप लगाया कि वे उसका बाल विवाह करना चाहते है, जबकि वह विवाह नहीं करना चाहती। इधर, रजनी गुप्ता ने किशोरी के पिता व माता को बुलाया। बातचीत में खुलासा हुआ कि मां व पिता ने बताया कि किशोरी, रिश्ते में लगने वाले अपने मामा से प्रेम विवाह करनी चाहती है, वह ऐसा नहीं होने देंगे। इसलिए उन्होंने लड़की को शादी करने का डरावा दिया है। वहीं रजनी गुप्ता ने किशोरी व इसके पिता व माता के बयान दर्ज कर लड़की को सेंटर भेज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, लडकी की मां ने बताया कि उसके मायके में घर के सामने निवास कर रहे

### भाजपा की लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत तय : जय



जयदेव नौल्था।

**इसराना।** भाजपा के युवा नेता जय देव नौल्था ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा अपनी जीत के सभी रिकार्ड तोड देगी। भाजपा जहां 370 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी, एनडीएम 400 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करेगी। भाजपा किसी एक परिवार की नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जबकि देश में अनेक ऐसी पार्टी है जो एक ही परिवार की है और सत्ता में आने के बाद जनता के बजाए अपना व अपने रिश्तेदारों का पेट पालती है और जनता का हर तरह से शोषण करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जहां पूरे देश व हरियाणा को अपना परिवार मान कर जनसेवा की है, वही दोनों के राज में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। भारत का दुनिया में डंका बज रहा है, जबकि हरियाणा तेजी से तरक्की के पथ पर चल रहा है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने बैठक की

**पानीपत।** करनाल में सात मार्च को आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय नारी शक्ति वंदन समारोह को लेकर भाजपा जिला पानीपत कार्यालय में जिला महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा ने करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाशाली महिलाओं को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वहीं इस सम्मेलन में पानीपत से भी बडी संख्या में महिलाएं भाग लेने के लिए करनाल जाएगी।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें दलित महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, उझा, पानीपत में पांच दिवसीय बेकिंग ऑफ वैल्यू ऐडेड प्रोडक्ट्स व फ्रूट एंड वेजिटेबल प्रिजर्वेशन विषय पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति की महिलाओं को कम लागत पर बेकरी के विभिन्न उत्पादों जैसे पिज्जा, पास्ता सैंडविच, बिस्किट, व केक इत्यादि व फ्रूट एंड वेजिटेबल प्रिजर्वेशन के उत्पादन जैसे आचार, मुरब्बा, कैंडी, व जैम आदि बनाने के लिए प्रशिक्षण करना तथा उनके आजीविका के साधनों को सुनिश्चित कर उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. राजवीर गर्ग ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि बकरी व फ्रूट प्रिजर्वेशन एक ऐसा व्यवसाय है जिसको की अनुसूचित जाति की महिलाएं कम लागत से भी शुरू कर सकती हैं। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत की वरिष्ठ संयोजक डॉ. विवेक सिंह ने बेटर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व सभी प्रतिभागियों को बकरी एवं फ्रूट प्रिजर्वेशन के महत्व के बारे में बताया वह अलग-अलग तरह के केक भी बनाने सिखाए। स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बने दलित महिलाएं डॉ. सतपाल सिंह कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि महिलाएं इन व्यवस्थाओं को समूह बनाकर भी कर सकती हैं और इसके लिए छोटी इकाई स्थापित की जा सकती है। डॉ. मोहित सहल कृषि अर्थशास्त्री ने सभी प्रतिभागियों को अपनी व्यवसाय के आर्थिक विश्लेषण करने के बारे में बताया वह उन्हें व्यवसाय को सुचारू रूप से चलने के लिए मार्केट संबंधी सभी तकनीक के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य वैज्ञानिकगण, डॉक्टर कुलदीप डूडी, डॉ. सुनील सांगवान और डॉ. राजेश कुमार जी ने भी सभी प्रतिभागियों को अपने विषय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में नीलम रानी सरिता आदि प्रतिभागियों ने भी इन कार्यक्रमों के प्रति अपने विचार व्यक्त किया।




पानीपत। कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षणार्थी महिलाओं के स्वागत का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

अजय कुमार सुपुत्र श्री जगदीश लाल सुपुत्र श्री आत्मा राम निवासी मकान नम्बर 422, वार्ड नम्बर 10 पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री आत्मा राम सुपुत्र श्री परमानन्द की मृत्यु दिनांक 25/10/1978 को हो चुकी है। यह है कि श्रीमति भमडी देवी धर्मपत्नी श्री परमानन्द की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह है कि श्रीमति पार्वती देवी धर्मपत्नी श्री आत्मा राम की मृत्यु दिनांक 09/02/1988 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त 3 ही वारिस हैं :- 1. जगदीश लाल 2. राम चन्द्र 3. मुनीश लाल (सुपुत्रगण) श्री आत्मा राम सुपुत्र श्री परमानन्द हैं। यह कि श्री जगदीश लाल सुपुत्र श्री आत्मा राम की मृत्यु दिंनाक 04/01/2019 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त 3 वारिस है :- 1. कौशल्या बाई (धर्मपत्नी) 2. अनिल कुमार 3. अजय कुमार (सुपुत्रगण) स्व. श्री जगदीश लाल सुपुत्र श्री आत्मा राम हैं।

यह कि श्री आत्मा राम सुपुत्र श्री परमानन्द की मृत्यु के बाद अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बात इश्तहार आज दिनांक 04/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

राज कुमार सुपुत्र श्री दर्शन लाल जुनेजा निवासी मकान नम्बर 6/9, कलन्दर चौक, पप्पू पतंग वाला के पास, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री राज कुमार सुपुत्र श्री दर्शन लाल जुनेजा निवासी मकान नम्बर 6/9, कलन्दर चौक, पप्पू पतंग वाला के पास, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री दर्शन लाल जुनेजा सुपुत्र श्री ईश्वर दास की मृत्यु दिनांक 18/08/2007 को हो चुकी है। श्रीमति सजोगता रानी धर्मपत्नी श्री दर्शन लाल जुनेजा की मृत्यू दिनांक 01/09/2019 को हो चुकी है। यह कि श्री दर्शन लाल जुनेजा सुपुत्र श्री ईश्वर दास की मृत्यु के उपरान्त 5 ही वारिस हैं 1. सजीव कुमार 2. राजबीर सलूजा 3. राजकुमार 4. पवन कुमार 5. रामजी दास सुपुत्र गण श्री दर्शन लाल जुनेजा सुपुत्र श्री ईश्वर दास हैं। श्री दरियाई लाल जुनेजा सुपुत्र श्री ईश्वर दास की मृत्यु दिनांक 16/11/2007 को हो चुकी है। श्रीमति सुहागवन्ती धर्मपत्नी श्री दरियाई लाल जुनेजा की मृत्यू दिनांक 26/06/2009 को हो चुकी है। प्रार्थी के द्वारा अपने शपथ पत्र में श्री दर्शन लाल जुनेजा सुपुत्र श्री ईश्वर दास की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हल्का तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

1. ज्योति चावला 2. हर्ष सचदेवा 3. बब्बल गाबा 4. विजय कुमार 5. सतीश जुनेजा 6.धर्मपाल जुनेजा सुपुत्रगण श्री दरियाई लाल जुनेजा सुपुत्र श्री ईश्वर दास हैं।

यह कि अशोक कुमार सुपुत्र श्री ईश्वर दास की मृत्यु दिनांक 14/04/1992 को हो चुकी है। श्री अशोक कुमार सुपुत्र श्री ईश्वर दास की मृत्यु के उपरान्त 3 ही वारिस हैं।

1. सुमित्रा देवी धर्मपत्नी 2. प्रिन्स जुनेजा 3 प्रीती सुपुत्री श्री अशोक कुमार सुपुत्र श्री ईश्वर दास है।

इनके इलावा श्री दर्शन लाल जुनेजा सुपुत्र श्री ईश्वर दास मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। यह कि प्रार्थी को विक्रय पत्र/अन्तरण पत्र/दान आदि दस्तावेज पंजीकरण हेतु उक्त कागजात की आवश्यकता है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बात इश्तहार आज दिनांक 04/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### अभियान के तहत 3425 बच्चों को पिलाई दवा

**नारायणगढ़।** पल्स पोलियो अभियान के तहत यहां 3425 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई है। यह अभियान 5 मार्च तक आयोजित किया गया था। एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान नागरिक अस्पताल द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किया गया है। इस अभियान के पहले दिन 3 मार्च को 1516 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई है।

### लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन आज होगा

**अंबाला।** उपायुक्त डॉ.शालीन ने बताया कि 6 मार्च को जिला स्तर पर व ब्लॉक स्तर पर लखपति दीदी योजना के तहत महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल वर्चुअल प्रक्रिया के माध्यम से अपना शुभ संदेश भी देंगे। होने वाले कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने जिला परिषद के सीईओ से कार्यक्रम की रूपरेखा बारे विस्तार से जानकारी हासिल की।

### लंबित केस निपटाएं तहसीलदारः डीसी

**अंबाला।** उपायुक्त डॉ. शालीन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ इंतकाल, जमा बंदिया, कोर्ट केस, स्टांप ड्यूटी, कास्ट सर्टिफिकेट, सीएम विंडो, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के साथ-साथ विभिन्न विभागों से संबंधित परियोजनाओं के बारे में भूमि चिन्हित विषय पर बैठक लेते हुए समीक्षा की। कोर्ट केसों की लंबित विषय पर एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे कोर्ट केसों के तहत 3 से लेकर 6 माह के अंदर निपटान करना सुनिश्चित करें।

### ढैंचे के बीज पर मिलेगा अस्सी प्रतिशत अनुदान

**अंबाला।** हरियाणा सरकार द्वारा कृषि लागत कम करने व मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के उद्देश्य से खरीफ मौसम में फसल विविधकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ढैंचे का बीज 80 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। ग्रीष्म कालीन मूंग का बीज 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। ढैंचे की बिजाई करने के बाद कई तरह के लाभ मिलते हैं।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित होंगे

**नारायणगढ़।** अतिरिक्त सिविल जज (एसडी) एवं उपमण्डल सेवा समिति की चेयरपर्सन सुमित्रा कादियान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सदस्य सचिव हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार नालसा के तहत जागरूकता कार्यक्रम उपमण्डल के विभिन्न गांवों और शहर के वार्डों में 5 मार्च से 31 मार्च 2024 तक आयोजित किए जाएंगे।

---

### दो लेन से वाहनों की आवाजाही शुरू

# 21 दिन से बंद चंडीगढ़-दिल्ली नेशनल हाईवे खुला, राहगीरों को मिली राहत

**चंडीगढ़ अप डाउन करने वालों की भी राह हुई आसान, आर्थिक संकट से गुजर रही कपड़ा कारोबारियों को भी पुराने दिन लौटने की उम्मीद**

## किसानों के ऐलान से बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर पुलिस की नजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किसान आंदोलन की वजह से 21 दिनों से बंद पड़े चंडीगढ़-दिल्ली नेशनल हाइवे पर अब ट्रैफिक बहाल हो गया है। प्रशासन की ओर से हाईवे की दोनों साइड एक-एक लेन खोल दी है। मंगलवार को दोनों लेन से वाहन निकलने शुरू हो गए हैं। वाहन चालक अब दिल्ली से चंडीगढ़ व चंडीगढ़ से दिल्ली आ जा सकेंगे। उधर पुलिस ने किसानों के नए ऐलान को लेकर फिर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से बस स्टैंड व रेलवे स्टेशनों पर चौकसी बढ़ाने की बात कही जा रही है। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस हर संभव कार्रवाई की बात कह रही है।

#### हाइवे बंद होने से परेशान

किसानों के दिल्ली कूच की वजह से प्रशासन की ओर से सद्दोपुर के पास नेशनल हाइवे को भारी बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया था। पिछले 21 दिनों से इस हाइवे बंद होने के कारण रोज चंडीगढ़ जाने वाले लोगों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हाइवे बंद होने की वजह से दिल्ली से आने वाले लोगों को लंबा रास्ता तय करना था। जबकि चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले लोगों को भी इसी तरह की दिक्कतें आ रही थी। सबसे ज्यादा दक्कितें रोज चंडीगढ़ अप डाउन करने वालों को थी। हाइवे बंद होने से कई लोगों को अपना कारोबार बंद करना पड़ा। कई लोगों की नौकरी तक चली गई। अब हाइवे खुलने से इन लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। अब लोग सीधे चंडीगढ़ से आ जा सकेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने 3 को बठिंडा में युवा किसान शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास में किसानों को दल्लिी कूच करने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि शंभू व खनौरी बॉर्डर पर किसान डटे रहेंगे। जबकि देश के दूसरे राज्यों से किसान बस व ट्रेनों के जरिए दल्लिी पहुंचेंगे। 10 मार्च को दोपहर 12 से 4 बजे तक पूरे देश में ट्रेनें रोकी जाएंगी। किसानों के इस ऐलान के बाद अब पुलिस अलर्ट पर है। इसी वजह से रेलवे स्टेशनों के साथ बस अड्डों पर नजर रखी जा रही है। इन जगहों पर ही किसान जत्थेबंदियों को दल्लिी से जाने की योजना है। दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा भी ने 14 मार्च को दल्लिी के रामलीला मैदान में होने वाली महापंचायत में किसानों को भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। इसे किसान-मजदूर महापंचायत नाम दिया है। इसमें देशभर से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़ बसों, ट्रेनों व अन्य वाहनों से जाएंगे।

#### कपड़ा कारोबारियों को भारी नुकसान

अंबाला शहर स्थित होलसेल कपड़ा मार्केट किसान आंदोलन की वजह से सबसे ज्यादा संकट से गुजर रही है। मार्केट के ज्यादातर दुकानदार आंदोलन की वजह से भारी आर्थिक नुकसान होने की बात कह रहे हैं। दरअसल मार्केट में सबसे ज्यादा खरीदारी करने के लिए चंडीगढ़ व पंजाब से आते हैं। मगर हाइवे बंद होने से पिछले 22 दिनों से कोई व्यक्ति यहां खरीदारी के लिए नहीं आ पा रहा था। अब चंडीगढ़ हाइवे खुलने से दुकानदारों को राहत मिलने की उम्मीद है। मगर दुकानदारों को सबसे ज्यादा उम्मीद शंभू बॉर्डर खुलने की है। दुकानदारों का कहना है कि सबसे ज्यादा ग्राहक पंजाब से आता है। मगर शंभू बॉर्डर बंद होने से अब पंजाब का ग्राहक पूरी तरह बंद है। उन्होंने संभावना जताई है कि जल्द ही शंभू बॉर्डर भी खुल जाएगा ताकि उनका कारोबार फिर से पटरी पर आ सके।

---



अंबाला। विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक असीम गोयल व अन्य।

# तीन गांव में बनेंगी लाखों की लागत से इंटरलोकिंग सड़कें

- प्रदेश में एक सामान रुप से घूम रहा विकास का पहिया : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन में शहरों की भांति गांवों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। गांवों को भी सुंदर और विकसित बनाने का काम किया जा रहा है। विकास का यह पहिया निरंतरता से घूम रहा है। विधायक मंगलवार को शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव सौंटी, जैतपुरा, पंजौला में विकास कार्यो का शिलान्यास व उद्घाटन उपरान्त उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। सभी गांव में पहुंचने पर विधायक का ग्रामीणों ने फुल-माला पहनाकर भव्य अभिनन्दन किया। विधायक ने ग्रामीणों को इन विकास कार्यो की सौगात देते कहा कि शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो की निरंतरता में बयार बह रही है। विधायक ने गांव सौंटी में 14.75 लाख से विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत इंटरलॉकिंग गली, अनुसूचित जाति व सामान्य जाति श्मशान घाट में शैड, इंटरलॉकिंग टाइल व चारदीवारी के निर्माण कार्य का, इसी गांव में 16.50 लाख रूपए की लागत से अनुसूचित जाति चौपाल, लाईब्रेरी व हॉल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी प्रकार गांव जैतपुरा में 26.50 लाख से इंटरलॉकिंग गलियां व डिस्पेंसरी के निर्माण कार्य का, इसी गांव में शमशान घाट में शैड व इंटरलॉकिंग टाईलों गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

---

# हिट एंड रन के खिलाफ जताया विरोध

- लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिखाएंगे सबक : चालक

हरिभूमि न्यूज.नारायणगढ़



**नोटिफिकेशन में 106 (2) पर फिलहाल लगाई गई रोक चालकों को गुमराह करने की एक सोची समझी साजिश**

हिट एंड रन केस को लेकर चालक बेहद नाराज हैं। इसी वजह से इन चालकों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी चेतावनी दी है। भारतीय न्याय संहिता में कड़ी सजा व जुर्माने के कानून को संसद में वापस नहीं लेने पर चालक व वाहन मालिकों में सरकार के खिलाफ गुस्सा बढ़ गया है। सरकार के कानून वापसी के झूठे प्रचार का सीटू ने पर्दाफाश किया है। संसद में बने कानूनों को वापस लेने का अधिकार संसद के पास है। इसके साथ ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आह्वान पर इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक पार्टियों को ज्ञापन देने का एलान भी किया गया है। मंगलवार को सीआईटीयू से संबंद्ध दि ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन (1853) की जिला कमेटी बैठक कम्यूनिटी हाल में प्रधान रफी मोहम्मद की अध्यक्षता में हुई। इसमें मनीर, सदीक मोहम्मद, धर्मवीर, रमजान, नाजिम, हरपाल सिंह, इमरान व नमन शामिल हुए। सीटू नेता सतीश सेठी ने कानून को वापस लेने के सरकार के झूठे प्रचार की सिलसिलेवार जानकारी देते कहा कि संसद में भारतीय दंड संहिता की जगह बनी भारतीय न्याय संहिताओं को गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर एक जुलाई 2024 से लागू कर दिया है। सरकार ने 2 जनवरी को सभी पक्षों से बात कर कानून में संशोधन करने का वायदा किया था।

#### ज्ञापन सौंपकर वायदा याद दिलाया

*सेठी ने कहा कि दो महीने बीत गए केंद्र की मोदी सरकार ने ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की फेडरेशनों से कोई बात तक नहीं की है। जबकि यूनियन ने केंद्रीय गृह मंत्री व महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर सरकार को उसका वायदा भी याद दिलवाया था। इससे सरकार की मंशा का साफ पता चलता है। इसलिए नोटिफिकेशन में 106 (2) पर फिलहाल लगाई गई रोक चालकों को गुमराह करने की एक सोची समझी साजिश है ताकि ड्राइवर्स लोकसभा चुनावों में भाजपा का विरोध न कर सके। इन काले कानून को वापिस लिए जाने एवं अन्य मांगों को लागू करवाने के लिए विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया में शामिल सभी दलों को चालकों की मांगों का ज्ञापन देने का फैसला लिया गया है। आरटीसी को मजबूत ओर विकसित कर इलेक्ट्रिक बसों की खरीद, रखरखाव व संचालन के लिए वित्तीय सहायता देने की मांग भी करेंगे।*

---

# चौधरी दलबीर ने सामाजिक बुराइओं के विरोध व सुधार में किया जीवन अर्पित

- पूर्व मंत्री केंद्रीय की जयंती पर कुष्ठ आश्रम में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी दलबीर सिंह को पुष्पांजलि देते

पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह जयंती पर मंगलवार को सुबह कुष्ठ आश्रम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कुष्ठ आश्रम में फल आदि का भी वितरण किया गया। इस सभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन विशेषतौर पर मौजूद रहे। उन्होंने चौधरी दलबीर सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की चौधरी ने जात-पात व अमीर गरीब के नाम पर काफी कुछ सहन किया था इसलिए उन्होंने भारतीय समाज की बुराइयों का विरोध करने और उसमें सुधार करने के लिए अपना जीवन समर्पित करने का निश्चय किया।

जैन ने कहा कि चौधरी दलबीर सिंह सच्चे राष्ट्रीय नेता थे। समाज के सभी वर्गों का भला करने का उनमें जज्बा था। उन्होंने अपना जीवन साधारण तरीके से व्यतीत करते हुए हर गरीब व जरूरतमंद कि मदद की। यहां तक की चौधरी दलबीर सिंह ने अपने समय में सरकार के माध्यम से पिछड़ा वर्ग, दलित, गरीब व आम जनता के हित में अनेकों योजना लागू करवा कर हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। पंडित जवाहर लाल नेहरु ने उनको टोहाना से कांग्रेस पार्टी का टिकट आबंटित कर दिया जहां से दलबीर सिंह चुनाव जीते है।

---

# भगवान शिव को लगाया 56 भोग, 9 क्विंटल फल चढ़ाए गए, चांदी का मुकुट भी पहनाया



**अंबाला।** अंबाला शहर स्थित श्री शिव मंदिर पीपल वाला सेवा मंडल की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंगलवार को भगवान शिव को बटना लगाया गया व छप्पन भोग अर्पित किए गए। 9 क्विंटल फल, 31 किलो ड्राई फ्रूट, मिठाई, जूस, बस्किुट इत्यादि से भगवान का श्रृंगांर किया गया। इस अवसर पर भगवान को चांदी का मुकुट भी चढ़ाया गया। महिलाओं को मेहंदी लगाकर मेंहदी की रस्म का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुरद्रिं मलहोत्रा, सुरद्रिं भंडारा, अशोक माकन, विनोद किशोर, मुकेश कपूर, प्रमोद मलहोत्रा, रमेश अग्रवाल, ओंकार मलहोत्रा, त्रिमोहन शर्मा व अंशुल गुप्ता, राजकुमार पुरी, बादल, सुरेंद्र घई तथा महिलाओं में आरती, प्रिया, संगीता मलहोत्रा, ज्योति, सोनिया, नीलम चोपडा, बबीता, चांदनी, कमल, रूबी, जॉनी, अनीता, नीलम, मदान मैडम ने मेंहदी की रस्म अदा की।

---

# अवतरित हो चुके निराकार परमात्मा शिव आत्माओं के कल्याण का कर रहे हैं कार्य



**अंबाला।** ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र जग्गी कॉलोनी में मंगलवार को 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने शिव शब्द को कल्याणकारी बताते हुए कहा कि निराकार परमात्मा शिव इस समय धरा पर अवतरित होकर आत्माओं के कल्याण का सुन्दर कार्य कर रहें। इससे पहले बीके मीरा बहन ने अतिथियों का गुलदस्तों से स्वागत किया। बीके वीनू बहन और बीके रश्मी बहन ने तिलक लगाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप मुंबई से बीके डॉ. सचिन परब पधारे थे। ये एक मशहूर कॉर्पोरेट ट्रेनर, मेडिकल एडवाइजर और लाइफ कोच हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन मे हेलिंग थ्रू राजयोग मेडिटेशन विषय पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से एक मुठी बंद और खोलने क्री क्रिया द्वारा जीवन मे पकड़ी हुई अनेक पुरानी बातों को छोड़ने की ओर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इसी कारण हर व्यक्ति का मन चिंता और थकावट से ग्रस्त है। उन्होंने कहा ₹बातों को पकड़ के रखना ही सभी मानसिक और फिर उससे जनित शारीरिक बीमारियों का कारण बनता है।

---





# आज महिलाएं तेज गति और सतत राष्ट्रीय विकास में समान भागीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया। भाजपा की जिला उपाध्यक्ष सुमन सैनी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीता खेड़ा के साथ काफी संख्या में महिलाओं एवं कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। यह मैराथन राजकीय महाविद्यालय से शुरू होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर संपन्न हुई। सुमन सैनी ने कहा की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया गया है। आज महिलाएं तेज गति और सतत राष्ट्रीय विकास में समान भागीदार हैं। उन्होंने कहा की महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागेदारी बढाने के लिए सरकार द्वारा उठाया गया सबसे बड़ा कदम लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लागू किया गया है। इस अवसर पर नगरपालिका प्रधान रिंकी वालिया, नगरपालिका उपप्रधान आईना गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नीता खेड़ा, जिला सचिव जगदीप कौर, प्रीतपाल कौर मक्कड़, मुनीषा, अनीता चौधरी, मंजू कौशिक आदि मौजूद रही।

---

**सुविधा** | करोड़ों से कंकरीट सीमेंट की नई बनेंगी आउटर लार्ज रोड, चालकों को आने-जाने में सुविधा होगी: विज

**गुडगुडिया नाले पर विजय रतन चौक, कबाड़ी बाजार और 12 क्रास रोड पर नई बनेगी पुलिया**

# सदर क्षेत्र के अहाते व गलियों में ओपन नालियां होंगी अंडरग्राउंड व स्ट्रॉम वॉटर पाइपलाइन डाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला छावनी सदर क्षेत्र में विभिन्न अहातों व गलियों में ओपन नालियों को अंडर ग्राउंड करने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से 18 किलोमीटर लंबी स्टॉम वॉटर ड्रेनेज पाइप लाइन डाली जाएगी। गृह मंत्री अनिल विज के अथक प्रयासों से अंबाला छावनी में 23.26 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। विज ने बताया इन विकास कार्यों के तहत 13.47 करोड़ रुपए की लागत से स्ट्राॅम वॉटर ड्रेनेज पाइपलाइन सदर क्षेत्र के विभिन्न अहातों व गलियों में डाली जाएगी। यह पाइपलाइन डलने से अहातों व गली-मोहल्लों में गंदगी से निजात मिलेगी। इससे पहले सदर क्षेत्र के मुख्य नालों में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डाली जा चुकी है जिससे पानी निकासी बेहतर हुई है, साथ ही गंदगी से निजात मिली है। उन्होंने बताया इसी कार्य में 12 क्रॉस रोड पर मुढा मंडी से गुडगुडिया नाले तक डेढ़ किमी. लंबा नया आरसीसी नाला भी बनाया जाएगा जिससे पानी निकासी पहले से बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि अनिल विज ने बताया कि स्टॉम वॉटर पाइप लाइन पंजाबी मोहल्ले में येस बैंक से लेकर एमके दत्ता अस्पताल तक, बंगाली मोहल्ला में जीरो क्रॉस रोड से क्रॉस रोड नंबर एक तक डाली जाएगी। इसी तरह आनंद निवास अहाता, कोरी मंडी अहाता, बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट अहाता, नंदी देवी धर्मशाला, चौथाई अहाता, कच्चा बाजार के निकट प्याऊ, पुरूषोत्तम ज्वैलर्स के निकट सराफा बाजार गली, सन्नी डेयरी के निकट अहाता, कच्चा बाजार में कसाईया अहाता, सरकारी डिपो के निकट अहाता, 12 क्रास रोड के निकट गली, सेंट्रल नाला पर गली नंबर एक, दो, तीन, चार, पांच व अन्य में गलियां, निकलसन रोड पर दुआ टी सेंटर के निकट गली, निकलसन रोड पर पिज्जा विला के निकट गली, निकलसन रोड पर शर्मा भोजनालय के निकट गली, केदारनाथ अहाता, निकलसन रोड पर हेल्थ कार्ट, प्रिंस चार्ट भंडार व रिपब्लिक शोरूम गली, आउटर लार्ज रोड पर धर्म सिंह अहाता, कच्चा बाजार में अन्नपूर्णा टेंट हाउस गली, आऊटर लार्ज रोड पर गली नंबर एक, दो व तीन नंबर गलियां, कच्चा बाजार में क्रास रोड 12 व 11 पर गलियां, क्रास रोड नंबर छह, सात, आठ, 10 व 11 पर गलियां, हरगोलाल फैक्टरी के निकट गलियां, जयराम मंडी अहाता, बंगाली मोहल्ले के निकट विभिन्न गलियां, नाइयों वाली गली नंबर एक व दो, सदर थाने के निकट पुलिस क्वार्टर, चूना चौक पर राधा कृष्ण मंदिर, राम बाजार गली, गुरमीत हलवाई के निकट अहाता, ग्वाल मंडी में साई अस्पताल के निकट अहाता, मोची मंडी अहाता, पल्लेदार मोहल्ले के निकट गलियां, गुड बाजार व पंसारी बाजार में स्टॉम वॉटर पाइप लाइन डाली जाएगी।

#### 3.69 करोड़ की लागत से सीमेंट कंकरीट का नया बनाया जाएगा रोड

सदर क्षेत्र में आउटर लार्ज रोड को 3.69 करोड़ रुपए की लागत से सीमेंट कंकरीट (सीसी) का नया बनाया जाएगा। जीरो क्रास रोड से 12 क्रॉस रोड पॉवर हाउस तक नई रोड बनेगी जिससे वाहन चालकों को आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। विजय रतन चौक और कबाड़ी बाजार में गुडगुडिया नाले पर 2.99 करोड़ रुपए की लागत से दशकों पुरानी बनी पुलिया को तोड़ नया बनाया जाएगा। नालों पर पुलिया की ऊंचाई भी बढ़ाई जाएगी ताकि नीचे नाले में बेहतर तरीक से साफ-सफाई हो सके। इसी प्रकार 3.11 करोड़ रुपए की लागत से 12 क्रास रोड पर यादव धर्मशाला के निकट गुडगुडिया नाले पर भी नया पुल बनाया जाएगा। इससे वाहन चालकों को यहां से आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी।